संघ लोक सेवा आयोग
अनुशेष- उम्मीदवारों को नोटिस

संदर्भ संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन सं.23/2016, प्रकाशन की तारीख 24.12.2016, रिक्ति सं.16122305624, मद सं. 05, जिसके अंतर्गत आसूचना ब्यूरो, गृह मंत्रालय में उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी/तकनीकी (डीसीआईओ/तक.), के 06 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 12.01.2017 को 23.59 बजे तक थी।

आयोग ने उक्त पद हेतु उम्मीदवारों को लघु सूचीबद्ध करने के लिए **दिनांक 21.01.2018 (रविवार) (अपराहन सत्र) को अपराहन 02.00 बजे से अपराहन 04.00 बजे तक (परीक्षा केन्द्र पर उम्मीदवारों के रिपोर्ट करने का समय अप. 12.30 बजे)** निम्नलिखित केन्द्रों पर कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है। केवल कम्प्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण के बाद लघु सूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों को उपर्युक्त पद हेतु अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने के लिए कहा जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उक्त पद हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

परीक्षा केन्द्र	**केन्द्र कोड**
भोपाल	04
कोलकाता	06
दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित)	08
दिसपुर (गुवाहाटी)	09
चेन्नई	12
नागपुर	13
लखनऊ	26
जम्मू	34
पोर्ट ब्लेयर	**37**

टिप्पणी I :- भर्ती परीक्षण संबंधी स्थल की सूचना उम्मीदवारों को यथासमय दे दी जाएगी।

टिप्पणी II:- कंप्यूटर आधारित भर्ती परीक्षण (सीबीआरटी) के आधार पर लघु सूचीबद्ध किए गए तथा साक्षात्कार में सफल उम्मीदवारों के लिए सीबीआरटी और व्यक्तित्व परीक्षण का वेटेज 75:25 होगा।

टिप्पणी III :- परीक्षण केन्द्र में परिवर्तन के संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

I. परीक्षण की योजना :

(क) परीक्षण दो घण्टे की अवधि का होगा।

(ख) सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे

(ग) परीक्षण में बहुविकल्पीय प्रकार के वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

(घ) परीक्षण का माध्यम केवल अंग्रेजी होगा।

(ङ) गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकों का प्रावधान होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के कुल अंकों में से एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे। यदि प्रश्न के लिए कोई उत्तर नहीं चुना जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं होगा।

II. परीक्षण का पाठ्यक्रम :

(i) प्रमुखतया गणित और भौतिकी सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बुनियादी ज्ञान से संबंधित वैज्ञानिक समझ।

(ii) कंप्यूटर की भाषा जैसे जावा, सी + + का ज्ञान

(iii) सेलुलर प्रौद्योगिकी

(iv) डाटा संचार

(v) सूचना और नेटवर्क सुरक्षा

(vi) संवाद कौशल

(vii) डाटाबेस प्रबंधन

(viii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की समसामयिक घटनाएं